


## मोदी सरकार के 12 वर्ष होने पर कामाख्या पीठ में सवा लाख महामृत्युंजय जाप

- राजस्थान के परिवार ने आयोजित किया 72 घंटे का आद्य शक्ति महायज्ञ
- साधु–संतों ने की राष्ट्र की समृद्धि की मंगलकामना



**उज्जैन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवाकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने पर शहर के बड़ा पुल स्थित कामाख्या तंत्र पीठ आश्रम में सवा लाख महामृत्युंजय जाप अनुष्ठान का आयोजन किया गया। हिमालय गिरि महाराज के सानिध्य में राजस्थान से आए डॉ. भगवान दास वैष्णव द्वारा कामाख्या आद्य शक्ति यज्ञ के उपरांत यह जाप कर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु, यशस्वी नेतृत्व और राष्ट्र की निरंतर प्रगति के लिए मंगलकामनाएं की गईं।

मां कामाख्या पुत्र हिमालय गिरि महाराज ने बताया कि राजस्थान के राजसमंद जिले की भीम तहसील स्थित ग्राम कालागुमान निवासी डॉ. भगवान दास वैष्णव व उनके परिवार द्वारा 72 घंटे से निरंतर चले आ रहे कामाख्या आद्य शक्ति महायज्ञ के उपरांत सवा लाख महामृत्युंजय जाप कर मां कामाख्या का पूजन–अर्चन किया गया। आयोजन के दौरान आश्रम में यज्ञ स्थल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कटआउट से सजाया गया था।

**मातृशक्तियों को बांटी साड़ियां, विशाल भंडारे के साथ समापन:** कार्यक्रम के दौरान वैष्णव परिवार द्वारा मातृशक्तियों को साड़ियां वितरित की गईं और अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। डॉ. भगवान दास वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और जनकल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। आज भारत वैश्विक मंच पर नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहा है। देश के प्रधानमंत्री दीर्घायु हों और उन्हें हमारी उम्र भी लग जाए, इसी कामना के साथ यह अनुष्ठान किया गया।

आयोजन में उपस्थित साधु–संतों एवं मातृशक्तियों ने राष्ट्र की सुख–समृद्धि, खुशहाली और अखंडता के लिए प्रार्थना की।

इस अवसर पर कृष्णागिरि महाराज, मनोरमा हेमा भारती, राजस्थान के जैसलमेर से पूर्व सरपंच सुजान सिंह हड्डा, रेखा वैष्णव, भगवान दास, रेखा देवी, सुजान सिंह, रवि गिरि हनुमान, राहुल गिरि, पिंटू गिरि, मनोज गिरि और विजय गिरि सहित अनेक नागा बाबा, साधु–संत एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## महिदपुर रोड पर एक बार फिर हुई दुर्घटना में युवक की मौत, एक गंभीर घायल

**नागदा।** अल सुबह भ्रमण पर निकले दो दोस्त का वाहन दुर्घटना का शिकार हो गया जिसमें एक युवक की मौत हो गई है तथा एक गंभीर घायल हो गया है, जिसे उपचार के लिए इंदौर रेफर किया गया है। इस घटना के बाद से परिवारजनों का बुरा हाल है। घटना के समय परिजन घर में सौ रहे थे।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह 5 बजे शहर के दो युवक विशेष पिता डॉ. प्रमोद बाथम उम्र 18 वर्ष निवासी गुलाबबाई कॉलोनी तथा जतीन गोड उम्र 18 वर्ष निवासी प्रकाश नगर गली नम्बर 5, घर से जीम जाने के लिए निकले थे। यह दोनों युवक साथ में पढाई करते थे।

### दोनों युवक इंदौर जाने वाले थे

मृतक व घायल दोनों अच्छे दोस्त थे, दोनों ने हाल ही में अच्छे अंक से कक्षा 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है। विशेष मेडिकल की पढाई कर रहा था, क्योंकि उसके पिता डॉक्टर है, वहीं जतीन बीकॉम में प्रवेश ले रहा था। दोनों युवकों के परिजनों ने इंदौर के कॉलेज में बच्चों का इडमिशन करवाया था। बताया गया है कि दोनों युवक अपने साथ कुछ दोस्तों को भी सुबह जीम ले जाने वाले थे, लेकिन अन्य दोस्तों की निन्द नहीं खुल पाने के कारण वे नहीं आऐ।

दोनों युवकों ने अपने मित्र की कार लेकर रवाना हुए और जीम न जाते हुए महिदपुर रोड की और भ्रमण पर चले गए और शहर से लगभग 15 किमी दूर ग्राम कल्लखेडी महिदपुर रोड पर पहुँच गए। सुबह 5.30 बजे युवकों ने स्नेचैट पर भ्रमण की फोटो भी अपलोड की थी। बताया जा रहा है कि उसके 5 मिनिट बाद ही यह दुर्घटना हो गई। दुर्घटना में विशेष बाथम की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शीयों के मुताबिक वाहन काफी तेज था.

## एक नजर में

### नागदा पुलिस ने की सघन वाहन चेकिंग

**नागदा।** पुलिस अधीक्षक उज्जैन के निर्देशानुसार जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना प्रभारी नागदा अमृतलाल गवरी के नेतृत्व में शनिवार को कन्या शाला चौराहा, नागदा पर सघन वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक बुलेट मोटरसाइकिल को रोका, जिसमें कंपनी द्वारा निर्धारित साइलेंसर के स्थान पर मॉडिफाइड साइलेंसर लगाया गया था। इससे अत्यधिक एवं कर्कश ध्वनि उत्पन्न हो रही थी, जो मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन पाया गया। पुलिस ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए मौके पर ही मॉडिफाइड साइलेंसर निकलवाया तथा वाहन चालक के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की। थाना नागदा पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में किसी भी प्रकार का अवैध मॉडिफिकेशन न कराएं तथा यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित एवं जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें। विशेष अभियान के तहत थाना प्रभारी श्री गवरी एवं थाना स्टाफ ने रेल्वे स्टेशन परिसर से संचालित होने वाले ऑटो रिक्षा संचालकों से भी बातचीत की तथा ऑटो रिक्षा चालकों से सभी दस्तावेजों के साथ ही ऑटो का संचालन करने की सलाह देते हुए दस्तावेजों को जांचा तथा समझाईश भी दी गई। यात्रीगणों के साथ उनका व्यवहार हमेशा अच्छा होना चाहिए इसकी भी समझाइश दी गई।

### रतलाम रेलवे फाटक नंबर 103 आज और कल रहेगा बंद, रेलवे ने जारी की सूचना

**नागदा।** रेल्वे द्वारा 15 एवं 16 जून को समपार संख्या 103 पर मेंटीनेंस कार्य के चलते समपार बंद रखा जायेगा। इसके तहत वरिष्ठ सेक्शन इंजी. रेलपथ नागदा द्वारा थाना प्रभारी बिरलाग्राम, नागदा थाना प्रभारी रे.सु.बल, नागदा स्टेशन अधीक्षक, नागदा को पत्र लिखकर यातायात व्यवस्था नियंत्रित करने की मांग की है। पत्र में बताया गया कि समपार संख्या 103 पर 15 जून को समय 9 से दोपहर 2 बजे तक और 16 जून को समय सायं 4 से सायं 7 बजे तक तक फाटक पर मेंटीनेंस कार्य किया जायेगा। कार्य के दौरान समपार फाटक पर सड़क यातायात को पूर्णतः बंद रखा जायेगा। उपरोक्त दिनांक को यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने अथवा मार्ग बदलने एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस थाना बिरलाग्राम को आवश्यक कार्रवाई हेतु और एक कांस्टेबल नियुक्त करने का अनुरोध किया है ताकि सड़क व रेल यातायात को बेहतर बनाने में मदद मिल सके। वैकल्पिक मार्ग के रूप में उज्जैन लाईन स्थित बिरलाग्राम ओवरब्रिज एवं इंगोरिया ब्रिज से जाने का मार्ग उपलब्ध रहेगा।

### महापौर ने मक्सी रोड डिपो पर बन रहे चार्जिंग स्टेशन के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**उज्जैन।** महापौर मुकेश टटवाल ने रविवार को मक्सी रोड स्थित सिटी बस डिपो के स्थान पर नगर निगम द्वारा राशि रुपए लगभग 10 करोड़ की लागत से बनाएं जा रहे चार्जिंग स्टेशन के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि वर्तमान में वर्कशॉप बिल्डिंग एवं ऑफिस निर्माण का कार्य प्रचलित है। चार्जिंग स्टेशन के निर्माण होने से 100 से अधिक बसों की क्षमता वाला स्टेशन बनेगा, जिसमें मीटिंग रूम, डिपो मैनेजर रूम, ऑफिस रूम, गार्ड रूम इत्यादि सुविधा रहेगी। महापौर ने निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि कार्य गुणवत्ता पूर्वक एवं समय सीमा में हो इस बात का ध्यान रखें। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य प्रकाश शर्मा, सहायक यंत्री रवि राठौर संबंधित कार्य के ठेकेदार उपस्थित रहें।

### दोपहिया वाहन रैली में देशभक्ति गीतों के साथ केसरिया पताका फहरायी

**उज्जैन।** आगामी महाराणा प्रताप जयंती के पूर्व जन जागरण तथा आमंत्रण रैली अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दो पहिया वाहन रैली 14 जून 2026 रविवार की शाम 4 बजे से श्री महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरांत चामुंडामाता चौराहा उज्जैन से आरंभ होकर देवासगेट, दौलतगंज, कण्ठाल, निकास, अंकपात, इंदिरानगर, आगररोड से सेंटपॉल के सामने से पाण्ड्याखेड़ी, पवांसा से सेठीनगर, शहीदपार्क, टावर से चामुण्डामाता चौराहा पहुंचकर श्री महाराप्रताप की देश भक्ती का पुण्य स्मरण किया गया। वाहनरैली में देशभक्ति गीतों के साथ केसरिया पताका फहरायी। वाहन रैली को राष्ट्रीय महामंत्री अनिलसिंह चंदेल, हरदयालसिंह एडवोकेट, जितेन्द्रसिंह राजावत आदि ने झण्ड़ी बताकर रवाना किया। जानकारी हरदयालसिंह एडवोकेट तथा मलखानसिंह दीक्षित ने दी। रैली का नेतृत्व विजयसिंह गौतम, आनंन्दसिंह खीची, दर्शन ठाकुर, लोकेंन्द्रसिंह गौड़, अनिलसिंह राजपूत, कमलसिंह नरूका, शैलेंन्द्रसिंह ठाकुर, श्यामबहादुरसिंह बघेल, प्रदीपसिंह तोमर, मनोजसिंह तंवर, राजेंन्द्रसिंह तंवर आदि ने किया। दोपहिया वाहन रैली में राजपूती गणेश में शामिल हुए।

### निगम पंवासा में सुव्यवस्थित कॉलोनी विकसित करते हुए कॉलोनी के विकास कार्यों को कर रहा पूरा

**उज्जैन।** सिंहस्थ महापर्व 2028 को दृष्टिगत रखते हुए शहर के प्रमुख मार्गों एवं आंतरिक मार्गों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। जिसमें शत प्रतिशत रूप से प्रभावित परिवार जिनके पूरे मकान चौड़ीकरण के अंतर्गत जा रहे हैं ऐसे प्रभावित परिवारों को नगर निगम द्वारा पंवासा में निगम की भूमि पर ईडब्ल्यूएस कालोनी विकसित करते हुए भूखंड आवंटित किए जाएंगे। इस हेतु रविवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा निगम अधिकारियों के साथ कॉलोनी निर्माण स्थल का निरीक्षण करते हुए रोड निर्माण के कार्यों को देखा। साथ ही नगर निगम द्वारा जिस प्रकार दिन–रात मेहनत करते हुए मार्ग चौड़ीकरण, निर्माण कार्य एवं विकास कार्यों को किया जा रहा है जिसकी सराहना की गई एवं अधिकारियों की भी प्रशंसा की गई। जिस प्रकार से पूर्ण भाव से समर्पित होकर सिंहस्थ के कार्यों को कर रहे हैं। निश्चित ही समय अवधि पूर्व समस्त कार्यों को उच्च गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान निगम अधिकारियों द्वारा बताया कि नगर निगम द्वारा राशि रुपए लगभग 09 करोड़ की लागत से पंवासा में कॉलोनी का विकास किया जा रहा हैं। जिसमें मूलभूत सुविधाएं रोड नाली, पाथवे, पेयजल सप्लाई, पानी की टंकी, प्रकाश व्यवस्था, बाउंड्री वॉल, उद्यान, इत्यादि विकसित किए जा रहे हैं। उक्त भूमि 6 हेक्टर क्षेत्रफल में फैली हुई है। जिसमें लगभग 384 भूखंड आवंटित किए जा सकते हैं प्रत्येक भूखंड की साइज 13 बाय 30 = 390 स्क्वायर फिट रहेगी। नगर निगम द्वारा पहली बार एक सुव्यवस्थित कॉलोनी को विकसित किया जा रहा है। जिसमें सभी मूलभूत सुविधा रहेगी मार्ग चौड़ीकरण कार्य अंतर्गत जिनके भवन पूर्णतया प्रभावित हो रहे हैं। उन्हें बेघर नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुसार प्रभावित परिवारों को नगर निगम द्वारा निर्मित सुव्यवस्थित कॉलोनी में भूखंड की सौगात दी जाएगी, कॉलोनी में 02 मार्ग रहेंगे पहले मक्सी रोड से गरोठ हाईवे

## नगर निगम लगाएगा तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर

**उज्जैन।** विश्च पर्यावरण दिवस एवं अंतर्राष्टीय योग दिवस के मध्य जनकल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु 03 दिवसीय जनकल्याण शिविर का आयोजन नगर निगम द्वारा 16, 17 एवं 18 जून को नगर निगम मुख्यालय में किया जाएगा। जिसमें केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित प्रमुख हितग्राही मूलक योजना के पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं लाभ वितरण किए जाएंगे।

इस संदर्भ में रविवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में जनकल्याण शिविर आयोजन को लेकर समीक्षा की गई। निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि निगम द्वारा



आयोजित शिविर में शासन की समस्त महत्वपूर्ण योजनाओं का प्रत्येक पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाना लक्ष्य होना चाहिए। प्रधानमंत्री स्व निधि योजना, संबल योजना, आयुष्मान कार्ड इत्यादि महत्वपूर्ण योजनाओं का शिविर के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार हो शिविर का उद्देश्य केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करना तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है।

विभिन्न विभागों की हितग्राही मूलक योजनाओं का प्रचार प्रसार करना, शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी हेतु स्टॉल लगाना, शिविर में भारत सरकार एवं राज्य सरकार के विकास एवं प्रगति की प्रदर्शनी लगाना, शिविर में लाभ वितरण, हितग्राही संवाद, सफलता की कहानियां एवं योजनाओं के संबंध में जन जागरूकता गतिविधियां संचालित करना, केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित प्रमुख हितग्राही मूलक योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं लाभ वितरण करना इत्यादि महत्वपूर्ण कार्य करना है। बैठक में अपर आयुक्त संतोष टैगोर, पवन कुमार सिंह, संदीप शिवा, उपायुक्त मनोज मौर्य, सहायक आयुक्त प्रफुल्ल गठरे, जनसंपर्क अधिकारी पवन कुमार उपस्थित रहें।

## भटकना जिसकी आदत है उसको घर कभी नहीं मिल सकता : कुमुदलता

**नागदा।** पूज्य महासति कुमुदलताजी आदि ठाणा–4 का भव्य मंगल प्रवेश धार्मिक नारों की गूंज के साथ भव्य रूप से हुआ। पूज्य महासति ने कहा कि पैसंठिया यंत्र के अनुष्ठान का जीवन में बड़ा महत्व है। बाहरी गंदगी खराब वातावरण को स्वच्छ एवं निर्मल बनाता है ये महामंगलकारी अनुष्ठान। इंसान को कभी भी धर्म से विमुख नहीं होना चाहिये।

मीडिया प्रभारी नितिन बुडावनवाला ने बताया कि धर्म की शरण में जो व्यक्ति आता है वो कभी भी भटकता नहीं। इसके विपरीत जिसको भटकने की आदत है उसे कभी घर नहीं मिल सकता। मिलता है तो केवल दुःख। पूज्य सुभेषमुनि ने कहा कि जो इंसान हमेशा अच्छे कर्म करता है उसको डरने की आवश्यकता नहीं। लोग क्या कहेंगे ये सोच इंसान को पतन का रास्ता दिखाती है। लोगों के कहने से कभी धर्म के प्रति अपनी साधना आराधना में खलल मत डालना। जीवन में ज्ञान, दर्शन एवं चरित्र को बढ़ाने वाले का ही उद्धार हो सकता है। ज्ञानीजन जो भी वाणी फरमाते है उस पर चिंतन अवश्य करें। महामंत्र नवकार मंत्र का हम चिंतन करेंगे तो प्रभु प्राप्ति संभव हैं। महामंत्र की स्तुति करने से कर्मो की निर्जरा होती है। हमेशा पुण्य करते रहो क्यों पुण्य सोने की बेड़ी है और पाप लोहे की। जीवो की हिंसा से बचो। कर्मों की निर्जरा के लिये जीवन में कभी दिखावा मत करना।

## वैष्णोदेवी यात्रा जाने वाले यात्रियों का स्वागत कर लिया आशीर्वाद

**नागदा।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत आयोजित वैष्णोदेवी तीर्थदर्शन यात्रा (13 से 18 जून 2026) के लिए चयनित श्रद्धालुओं का नपा जनप्रतिनि एवं नगर जनप्रतिनिधि सामाजिक परिवार द्वारा शुभकामनाएं देकर रवाना किया गया। चयनित यात्रियों में यात्रा को लेकर विशेष उत्साह, श्रद्धा एवं भक्ति का वातावरण देखने को मिला।

नगर पालिका परिषद नागदा क्षेत्र से भी 6 पात्र हितग्राहियों का चयन हुआ है, जिन्हें पवित्र माता वैष्णो देवी धाम के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। शासन की इस जनकल्याणकारी योजना का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों एवं पात्र व्यक्तियों को देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन कराने की सुविधा उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विजय पटेल, सांसद प्रतिनिधि एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि ओपी गेहलोत, नपा उपाध्यक्ष सुभाषचंद शर्मा, स्टेशन मास्टर हनुमंत सिंह, अमर सोलंकी एवं अन्य ने चयनित श्रद्धालुओं का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उन्हें सकुशल यात्रा की मंगलकामनाएं दीं। जनप्रतिनिधियों ने यात्रियों से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए उनकी यात्रा के सुखद, सुरक्षित एवं सफल होने की कामना की। जिले से लाटरी द्वारा चयनित सूची के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र से 6 पात्र हितग्राहियों जिसमे चंदा बाई–देवीलालजी, बेदात–अरुण, प्रेमकुंवर–पृथ्वीपाल, अशोक–हरिशंकर, रजना–अशोक, मजूलता– दिलीपसिंह है जिन्हे यात्रा से पूर्व संबंधित विभाग द्वारा यात्रियों को आवश्यक दिशा–निर्देश एवं जानकारी प्रदान की गई। सभी श्रद्धालुओं को जनप्रतिनिधियों एवं नगर पालिका कर्मचारियों की उपस्थिति में नागदा से उज्जैन के लिए ट्रैन से रवाना किया गया, जहां से वे स्पेशल तीर्थ यात्रा ट्रैन मे सवार होकर वैष्णों देवी तक की यात्रा करेंगे।

नपाध्यक्ष गेहलोत ने कहा कि माता वैष्णो देवी की कृपा सभी श्रद्धालुओं पर बनी रहे तथा उनकी यात्रा सुखद, सुरक्षित और मंगलमय हो। मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना समाज के वरिष्ठजनों एवं श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करने वाली एक महत्वपूर्ण पहल है।

## सिद्धाचल तीर्थ पर चोविहार छठ सहित सात यात्रा पूर्ण करने पर अक्षत ओरा का बहुमान

- नवकार हैप्पी बर्थडे ग्रुप ने किया सम्मान, संगीतमय वातावरण में हुआ अभिनंदन समारोह

**नागदा।** परम पूज्य दादा आदिनाथ भगवान की असीम कृपा एवं आशीर्वाद से राकेश अंतिमा ओरा के सुपुत्र अक्षत ओरा ने सिद्धाचल तीर्थ की पावन भूमि पर चोविहार छठ के साथ सात यात्राएं सफलतापूर्वक पूर्ण करने के साथ–साथ नव्वाणु (99) यात्राओं का पुण्य लक्ष्य भी पूर्ण किया। यह उपलब्धि न केवल अक्षत ओरा एवं उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए हर्ष, गौरव एवं प्रेरणा का विषय है। धर्म, तप, संयम और अटूट श्रद्धा के इस अनुपम उदाहरण ने युवा पीढ़ी के समक्ष एक प्रेरणादायी आदर्श प्रस्तुत किया है। सिद्धाचल तीर्थ पर की जाने वाली यात्राएं आत्मकल्याण, आध्यात्मिक उन्नति एवं पुण्य संचय का महत्वपूर्ण माध्यम मानी जाती हैं। चोविहार छठ के साथ सात यात्राएं एवं नव्वाणु यात्रा पूर्ण कर अक्षत ओरा ने अपने दृढ़ संकल्प, भक्ति और साधना का उत्कृष्ट परिचय दिया है।

इसके उपलक्ष्य में ओरा परिवार द्वारा विशेष बहुमान समारोह किया गया। संघ, समाज एवं परिवारजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। वहीं नवकार हैप्पी बर्थडे ग्रुप परिवार द्वारा भी 13 जून को अक्षत ओरा का विशेष सम्मान किया गया।

अक्षत ओरा का शाल, माला, राजस्थानी पगड़ी एवं अभिनंदन–पत्र भेंट कर बहुमान किया गया। अभिनंदन पत्र का वाचन धर्मेन्द्र बंम ने किया। उपस्थित महानुभावों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए मंगलमय भविष्य की कामना की। समारोह संपूर्ण रूप से संगीतमय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वधावणा प्रस्तुत की गई तथा दादा–दादी का पग पक्षाल कर सम्मान भी किया गया, जिससे आयोजन और अधिक भावपूर्ण एवं आध्यात्मिक बन गया। इस अवसर पर मनीष चपलोत, अमित बम, प्रकाश चपलोत, धर्मेन्द्र बम, रवि संघवी, संतोष नाहटा, शरद जैन, रवि कांठेड, संदीप कांठेड, राजेश सकलेचा और अन्य मौजूद रहे।

## डेलनपुर मंदिर पर 17 जून को चढ़ेगा कलश, मुख्यमंत्री होंगे शामिल

**नागदा।** शहर से लगभग 15 किलोमीटर दूर प्रांचीन स्थल डेलनपुर हनुमान मंदिर पर जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण हो गया है। 17 जून को मंदिर में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा व हनुमानजी मंदिर के शीखर पर कलश स्थापना की जावेगी। इस मौके पर ध्वजा भी चढाई जावेगी। इस आयोजन में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर शनिवार को प्रशासनिक अधिकारीयों का अमला मंदिर पर पहुंचा और निरीक्षण किया। अधिकारीयों ने आयोजन स्थल, पार्किंग स्थल आदि चिन्हित किए। अमले में एसडीएम रंजना पाटीदार, तहसीलदार मधु नायक, नायब तहसीलदार सुभाष, नगर पुलिस अधीक्षक विक्रम अहिरवार, थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी शामिल थे। गौरतलब है कि डेलनपुर बालाजी का प्राचीन मंदिर है। यहां पर विगत तीन वर्षो से मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा था। लगभग 5 करोड़ की लागत से राजस्थानी पत्थरों से मंदिर का निर्माण हुआ है। बालाजी मंदिर के साथ–साथ राम दरबार का भी मंदिर बनाया गया है। मंदिर समिति के अध्यक्ष युवराजसिंह राणावत ने बताया कि आयोजन की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। जनसहयोग से मंदिर का निर्माण किया गया है।

## बुद्धि और विवेक से करें पीड़ित मानवता की सेवा

**उज्जैन। लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी–2 के अंतर्गत लायंस क्लब उज्जैन सुरभि का दायित्व ग्रहण समारोह होटल विक्रमादित्य में आयोजित किया गया। समारोह में शपथ अधिकारी एमजेएफ लायन आर.जी. पाठक ने नवीन कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। इसमें अरुंधति पेंढारकर को अध्यक्ष, प्रीति जोशी को सचिव और आरती श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।**

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन संजय सक्सेना ने कहा कि सही नेतृत्व वही है जो सभी को साथ लेकर चले। हमें किसी के कहने पर




नहीं, बल्कि अपने बुद्धि और विवेक से कार्य करते हुए पीड़ित मानवता की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने पूरे डिस्ट्रिक्ट में सबसे पहले शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने पर क्लब को बधाई दी। नवनियुक्त अध्यक्ष अरुंधति पेंढारकर ने समाज में व्याप्त पारिवारिक समस्याओं, पारिवारिक विघटन और बुजुर्गों के अकेलेपन पर चिंता व्यक्त करते हुए क्लब के माध्यम से इन समस्याओं को दूर करने का संकल्प लिया। इससे पूर्व निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. हेमलता ओझा ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियां बताते हुए सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में नवीन सदस्या विनीता श्रीवास्तव को भी शपथ ग्रहण करवाई गई।

कार्यक्रम का सफल संचालन एमजेएफ लायन डॉ. उमा वाजपेयी ने किया। इस अवसर पर झोन चेयरपर्सन संजय शाह, लायंस ऑफ उज्जैन के नरेंद्र खंडेलवाल, मल्टीपल डीसी छाया लोखंडे, रुचा पाठक, संध्या सक्सेना, मधु गुप्ता, रश्मि श्रीवास्तव, संतोष गुप्ता और अनिता तोमर सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पर्व स्नान की तैयारियों का निगमायुक्त ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

### सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं की सुविधा–सुरक्षा का रखें विशेष ध्यान

**उज्जैन।** अधिकमास के दौरान सोमवार को आने वाली सोमवती अमावस्या के पर्व स्नान को दृष्टिगत रखते हुए रविवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ सोमतीर्थ कुंड एवं रामघाट पर निगम द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारु व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निगम आयुक्त द्वारा निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि हरसिद्धि पाल से



रामघाट मार्ग तक चौड़ीकरण के दौरान आवश्यक बेरिकेटिंग करे पर्व स्नान के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, घाटों पर सफाई एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखे।

सोमवती अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उज्जैन पहुंचेंगे प्रमुख घाटों पर भी शिफ्ट वार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, निगम आयुक्त द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक आलोक शर्मा को निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल एवं निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करे।

निरीक्षण के दौरान एडीएम अत्येंद्र सिंह गुर्जर, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक शर्मा, अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, उपायुक्त संजेश गुप्ता, मनोज मौर्य, कार्यपालन यंत्री जगदीश मालवीय, सहायक यंत्री निर्झर शुक्ला, जनसंपर्क अधिकारी पवन कुमार, जोनल अधिकारी श्याम सुंदर शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी हरीश व्यास, महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल एवं संबंधित उपयंत्री उपस्थित रहे।

## कोटा–चौमहला ट्रेन उज्जैन तक विस्तार

### आज नागदा में होगा प्रथम आगमन

**नागदा।** क्षेत्रवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण रेल सुविधा के रूप में कोटा–चौमहला ट्रेन (गाड़ी संख्या 61624/61623) को नागदा से उज्जैन तक विस्तारित करने की स्वीकृति रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा प्रदान की गई है। यह उपलब्धि उज्जैन–आलोट संसदीय क्षेत्र के सांसद अनिल फिरोजिया के सतत प्रयासों का परिणाम है। प्रथम आगमन आज 15 जून को नागदा रेलवे स्टेशन पर होगा। चौमहला से उज्जैन की ओर जाने वाली यह ट्रेन प्रातः लगभग 10.15 बजे नागदा स्टेशन पहुंचेगी। इस ऐतिहासिक अवसर पर नागदा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का भव्य स्वागत किया जाएगा। सांसद अनिल फिरोजिया आलोट रेलवे स्टेशन पर इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे तथा स्वयं भी इसी ट्रेन से आलोट से नागदा होते हुए उज्जैन तक यात्रा करेंगे। नागदा–खाचरौद विधानसभा क्षेत्र को मिली इस महत्वपूर्ण सौगात पर विधायक डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान ने केंद्रीय रेल मंत्री वैष्णव, सांसद फिरोजिया तथा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। विधायक डॉ. चौहान ने कहा कि ट्रेन के उज्जैन तक विस्तार से क्षेत्र के यात्रियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी तथा इससे क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को भी गति प्राप्त होगी।